**D**

**CCE PR**
**UNREVISED**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಮಾರ್ಚ್ / ಏಪ್ರಿಲ್, 2019**

**S. S. L. C. EXAMINATION, MARCH / APRIL, 2019**

# ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

# MODEL ANSWERS

ದಿನಾಂಕ : 21. 03. 2019 ] **ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 06-H**

Date : 21. 03. 2019 ] **CODE NO. : 06-H**

# ವಿಷಯ : ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : First Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 125

[ Max. Marks : 125

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **विभाग - "A"** | |
| | **गद्य, पद्य, पूरक वाचन** | |
| I. | **एक-एक** पूर्ण वाक्य में उत्तर : | 16 × 1 = 16 |
| 1. | सदाचार और भ्रष्टाचार कहाँ होते हैं ? | |
| | **उत्तर :** सदाचार और भ्रष्टाचार मनुष्य की आत्मा में होते हैं । | 1 |
| 2. | गाँधीजी को दक्षिण अफ्रिका क्यों जाना पड़ा ? | |
| | **उत्तर :** अब्दुल्ला एण्ड कम्पनी के मुकदमे की पैरवी के लिए गाँधीजी को दक्षिण अफ्रिका जाना पड़ा । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 3. | लाला झाऊलाल ने किसे अपनी विपदा सुनाई ? | |
| | **उत्तर :** लाला झाऊलाल ने अपने दोस्त पं० बिलवासी जी को अपनी विपदा सुनाई । | 1 |
| 4. | लाला झाऊलाल का जी क्यों सनसनाया ? | |
| | **उत्तर :** पत्नी की ढाई सौ रुपये की माँग स लाला झाऊलाल का जी सनसनाया । | 1 |
| 5. | आलूर वेंकटराव जी को कर्नाटक कुलपुरोहित क्यों कहा जाता है ? | |
| | **उत्तर :** कर्नाटक एकीकरण के लिए सर्वांगीण उन्नति के लिए वेंकटराव जी की सेवा अविस्मरणीय है । इस कारण से उन्हें कुलपुरोहित कहा जाता है । | 1 |
| 6. | जगत को तीन पग से किसने छोटा किया ? | |
| | **उत्तर :** श्रीरामजी अपने वामनावतार में जगत को तीन पग से छोटा किया था । | 1 |
| 7. | राणा ने मीरा के लिए क्या भेजा ? | |
| | **उत्तर :** राणा ने मीरा को विष का प्याला भेजा । | 1 |
| 8. | कविता में कवि हरियाली किससे माँगते हैं ? | |
| | **उत्तर :** कविता में कवि घास के पत्तों से हरियाली माँगते हैं । | 1 |
| 9. | टाइम टेबल बनाने में क्या समस्या हुई ? | |
| | **उत्तर :** टाइम टेबल बनकर तैयार तो हो गया लेकिन उस पर अमल करने की समस्या हुई । | 1 |
| 10. | आज का युग वैज्ञानिक युग क्यों कहलाता है ? | |
| | **उत्तर :** आज मानव का जीवन विज्ञान पर निर्भर है । इस कारण से आज के युग को वैज्ञानिक युग कहा जाता है । | 1 |
| 11. | सहारनपुर से देहली की यात्रा में यात्रियों में किस बात की बहस छिड़ी थी ? | |
| | **उत्तर :** सहारनपुर से देहली की यात्रा के यात्रियों में हो रही बहस यह थी कि वह नौजवान उस औरत का संबंध क्या है ? | 1 |
| 12. | नेटाल इंडियन कांग्रेस की स्थापना किसने की ? | |
| | **उत्तर :** नेटाल इंडियन कांग्रेस की स्थापना महात्मा गाँधीजी ने की । | 1 |
| 13. | समाज में विकलांग बच्चों की दशा कैसी होती है ? | |
| | **उत्तर :** समाज में विकलांग बच्चों की दशा दयनीय होती है । | 1 |
| 14. | 'नारी' पाठ के अनुसार परिवार रूपी रथ के दो पहिये कौन हैं ? | |
| | **उत्तर :** परिवार रूपी रथ के दो पहिये पति और पत्नी हैं । | 1 |
| 15. | पंचवटी कुटिया की रक्षा कौन करता है ? | |
| | **उत्तर :** पंचवटी की रक्षा धनुर्धर लक्ष्मण करता है । | 1 |
| 16. | 'आओ नवनिर्माण करें' कविता में कवि किस चौखट को तोड़ना चाहता है ? | |
| | **उत्तर :** कवि समाज के अंधविश्वास के चौखट को तोड़ना चाहते हैं । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. | **दो-तीन** वाक्यों में उत्तर : | 16 × 2 = 32 |
| 17. | पाठ में रुपये की झनझनाहट का वर्णन कैसे किया गया है ? | |
| | **उत्तर :** रुपये की झनझनाहट में एक अलौकिक मधुरिमा है जा पांचजन्य में, वीणापाणि में, कामिनी की कोमल कंठ में, डमरूवाले के डमरू में नहीं, वह परम मधुर है और स्वरों में अष्टम स्वर है । | 2 |
| 18. | चंपारन की समस्या क्या थी ? | |
| | **उत्तर :** बिहार के चंपारन गाँव के किसानों पर अंग्रेज जमींदार बड़ा अत्याचार कर रहे थे । इस कारण से सारे किसान गाँधीजी के पास जाकर अपनी समस्या बताई तो गाँधीजी उन शिकायतों को सरकार के सामने रखते हैं । | 2 |
| 19. | बच्चे चोरी क्यों करते हैं ? | |
| | **उत्तर :** जिस घर में माँ-बाप आपस में लड़ते हैं, जहाँ पिता बुरे व्यसनों के दास हो, घर में मारपीट हो, बच्चों की ओर ध्यान न दें, तो वहाँ बच्चे अपनी आश्यकता की पूर्ति के लिए चोरी करते हैं । | 2 |
| 20. | मनु ऋषि ने नारी के बारे में क्या कहा है ? | |
| | **उत्तर :** जहाँ नारी को गौरव मिलता है, पूजा होतो है, वहाँ देवता का वास होता है ।<br>"यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः" | 2 |
| 21. | पंचवटी कविता में सुन्दर चंद्रमा की किरणें कहाँ-कहाँ पर बिछी हुई हैं ? | |
| | **उत्तर :** सुन्दर चंद्रमा की किरणें अवनी और अम्बरतल में, जल में, थल में बिछी हुई हैं । | 2 |
| 22. | जग का नव निर्माण किस प्रकार करें ? | |
| | **उत्तर :** बुराइयों को दूर करके, दाष किसी को न देकर, हमें स्वयं जिम्मेदारी से मिल जुलकर जग का नव निर्माण करना है । | 2 |
| 23. | पिछड़ा आदमी अलग बैठकर क्या करता था ? | |
| | **उत्तर :** पिछड़ा आदमी अलग बैठकर आकाश में टकटकी लगाये शून्य में देखता था । हमेशा चिंतामग्न रहता था । | 2 |
| 24. | बड़े भाई साहब के पढ़ने का तरीका क्या था ? | |
| | **उत्तर :** बड़े भाई स्वभाव से अध्ययनशील थे । हर वक्त किताब खोले बैठे रहते, बीच में दिमाग को आराम देने किसी प्राणि या पक्षी के चित्र बनाते और कभी बिना मतलब के कुछ शब्द लिखते थे । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 25. | विज्ञान ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है । कैसे ?<br>**उत्तर :** विज्ञान से मानव समुदाय को आराम मिला है । विज्ञान ने मनुष्य की सुंदर कल्पना को हमारे पृथ्वी पर ही साकार किया है । शिक्षा, चिकित्सा, यातायात, मनोरंजन आदि क्षेत्रों में आश्चर्यजनक सुविधा दिया है । | 2 |
| 26. | तावीज़ के गुण कौन से थे ?<br>**उत्तर :** तावीज़ हर व्यक्ति को सदाचारी बनाता है । जिस आदमी की भुजा पर यह बंध जाता है वह अच्छे रास्ते से विचलित न होता है और तावीज़ से ईमान के स्वर निकलते हैं । | 2 |
| 27. | काठियावाड़ तथा भारत की जनता गाँधीजी की ओर क्यों आकृष्ट हुई ?<br>**उत्तर :** वीरमगाम में जकात के संबंध में जनता बड़ी दुखी थी, तब गाँधीजी ने उनका दुःख वायसाराय के सामने रखा और समस्या को सुलझाया तो काठियावाड़ तथा भारत की जनता उनकी ओर आकृष्ट हुई । | 2 |
| 28. | 'कन्नड क्लब' के बारे में आप क्या जानते हैं ?<br>**उत्तर :** वेंकटराव जी के कॉलेज में कन्नड विद्यार्थियों का एक कन्नड क्लब था । उसके अधीक्षक खुद वेंकटराव थे । भाषा के प्रति प्रेम उत्पन्न करना क्लब का उद्देश्य था । उन्हीं के प्रयत्नों के कारण पुस्तकालय में कन्नड पुस्तकें लाई गईं । | 2 |
| 29. | वृंद ने आँख और आइना की तुलना क्यों की है ?<br>**उत्तर :** कवि कहते हैं मानव की आँखों में ही मन की भावना छिपी रहती है तो आँखें देखते ही सारी भावनाएँ स्पष्ट होती हैं । | 2 |
| 30. | केवट ने राम से कुछ लेने से क्यों इनकार किया ?<br>**उत्तर :** केवट कहता है आज तक मैंने मजदूरी की है लेकिन आज मैंने विधाता की सेवा की है, मेरी सारी दरिद्रता और दोष मिट गये । अब और मुझे कुछ नहीं चाहिए । | 2 |
| 31. | कवि इकबाल के अनुसार मजहब आपस में बैर नहीं सिखाता । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** भारत में लोग अलग-अलग मजहब के होते हुए भी प्रेम से, सद्भावना से मिलजुलकर रहते हैं । यहाँ अनेकता में एकता का भाव है । तो इस कारण से मजहब आपस में बैर नहीं सिखाता । | 2 |
| 32. | यात्रा में जो वाद-विवाद हुआ वह फालतू थे । कैसे ?<br>**उत्तर :** क्योंकि उन बातों का कोई मतलब नहीं था । उनसे दूसरों की भावना को दुख पहुँचता है और स्वास्थ्य भी बिगड़ता है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| III. | संदर्भ सहित व्याख्या : | $6 \times 3 = 18$ |
| 33. | "मैं लड़कों के लड़कपन का खिलौना हूँ<br>मिठाई हूँ"<br>i) पाठ का नाम :<br>ii) लेखक का नाम :<br>iii) किसने, किससे कहा :<br>iv) व्याख्या :<br>**उत्तर :** | |
| | i) रुपया बोलता है | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) रुपया पाठकों से कहता है । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) जब रुपया अपनी विराटता का परिचय सबको देता है तब उपर्युक्त वाक्य आता है । | $1\frac{1}{2}$ |
| 34. | "पर जहाँगीरी अण्डा है क्या ?"<br>i) पाठ का नाम :<br>ii) लेखक का नाम :<br>iii) किसने, किससे कहा :<br>iv) व्याख्या :<br>**उत्तर :** | |
| | i) अकबरी लोटा | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) अन्नपूर्णानंद वर्मा | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) बिलवासी जी अंग्रेज से पूछते हैं | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) अकबरी लोटा खरीदकर अंग्रेज खुश हुआ, क्योंकि मेज़र डगलस से जहाँगीरी अण्डे के बारे में सुनकर उनके कान पक गये थे । जब इसका जिक्र हुआ तब बिलवासी जी जहाँगीरी अण्डे के बारे में पूछते हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| 35. | घायल की गति घायल जाणै की जिण लाई होय<br>जौहरी की गति जौहरी जाणै की जिण जौहर होय ।<br>i) कविता का नाम :<br>ii) कवि का नाम :<br>iii) किसने, किससे कहा :<br>iv) व्याख्या : | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** | |
| | i) मीरा के पद | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) मीराबाई | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) मीरा अपना विरह वेदना प्रकट करते समय सखियों से कहती है । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) कृष्ण के प्रेम में मीरा दिवानी बन गई है, मगर उसका दर्द कोई समझ नहीं पा रहा, उस समय कृष्ण के प्रति विरह वेदना को अपनी सखियों से उपर्युक्त पंक्तियों में प्रकट करती है । | $1\frac{1}{2}$ |
| 36. | गोदी में खेलती हैं इसकी हजारों नदियाँ<br>गुलशन है जिनके दम से रशके जिनाँ हमारा । | |
| | i) कविता का नाम : | |
| | ii) कवि का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) सारे जहाँ से अच्छा | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) डॉ० इकबाल | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) कवि पाठकों से कहते हैं । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) देश की वर्णना करते समय कहते हैं कि भारत माता की गोद में गंगा, यमुना, कावेरी जैसी नदियाँ बहती हैं । | $1\frac{1}{2}$ |
| 37. | ''तुम्हारी सत्यप्रियता अधिकांश दिल्ली में प्रसिद्ध है'' । | |
| | i) पाठ का नाम : | |
| | ii) लेखक का नाम : | |
| | iii) किसने, किससे कहा : | |
| | iv) व्याख्या : | |
| | **उत्तर :** | |
| | i) 'सच्चा धर्म' | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सेठ गोविन्ददास | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) अहिल्या, पुरुषोत्तम से कहती है । | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) जब पुरुषोत्तम अपने राजा शिवाजी के पुत्र विनायक को शरण देकर अपना भानजा कहकर दुश्मन से बचाना चाहा तब अहिल्या पुरुषोत्तम से उपर्युक्त वाक्य कहती है । | $1\frac{1}{2}$ |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 38. | इतने तुम धनी हो,<br>तो मुझे थोड़ा प्यार दोगे उधार, जिसे मैं<br>सौगुने सूद के साथ लौटाऊँगा ।<br>i) कविता का नाम :<br>ii) कवि का नाम :<br>iii) किसने, किससे कहा :<br>iv) व्याख्या :<br>**उत्तर :** | |
| | i) 'सवेरे उठा तो धूप खिली थी' | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) सच्चिदानन्द होरानन्द वात्स्यायन ''अज्ञेय'' | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) प्रकृति कवि से पूछता है । (अनदेखे अरूप ने कवि से पूछा) | $\frac{1}{2}$ |
| | iv) मानव के पास प्रकृति का दिया सब कुछ रहता है तब अनदेखे अरूप (प्रकृति) आकर मानव से पूछता है कि तुम इतने धनी हो तो मुझे थोड़ा प्यार दो, मैं उसे सौगुना सूद के साथ लौटाऊँगा । | $1\frac{1}{2}$ |
| IV. | लेखक / कवि परिचय : | 2 × 3 = 6 |
| 39. | हरिशंकर परसाई<br>i) जन्म स्थान / काल :<br>ii) कृतियाँ :<br>iii) अन्य जानकारियाँ :<br>**उत्तर :** | |
| | i) जन्म काल : 1924 | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) भोलाराम का जीव, कचरे में, घाव, सड़क बनी है । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) आप एक व्यंग्य कहानीकार हैं ।<br>व्यंग्य आपकी लेखन का प्राण है । अध्ययन के बाद आप कुछ दिन अध्यापक भी रहे । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 40. | तुलसीदास<br>i) जन्म स्थान / काल :<br>ii) कृतियाँ :<br>iii) अन्य जानकारियाँ :<br>**उत्तर :** | |
| | i) 1580-1680 'राजापुर' अथवा सोरो | $\frac{1}{2}$ |
| | ii) रामचरितमानस, विनय पत्रिका, जानकी मंगल, बरवै रामायण, पार्वती मगल आदि । | $\frac{1}{2}$ |
| | iii) आपके आराध्य देव श्रीराम थे । आप संस्कृत के प्रकांड पंडित थे । ब्रज, अवधी पर भी समान अधिकार था, आपकी रचनाएँ चौपाई और दोहा शैली में हैं । | 2 |
| V. | पद्य भाग की पूर्ति : | 1 × 4 = 4 |
| 41. | राग ..........<br>..........<br>..........<br>.......... अपनी चाल ।<br>**अथवा**<br>आसरा ..........<br>..........<br>..........<br>.......... में राग । | |
| | **उत्तर :** राग से बाँधे चल आकाश,<br>राग से बाँधे चल पाताल<br>धंसा चल अंधकार के भेद<br>राग से साधे अपनी चाल । | 4 |
| | **अथवा**<br>आसरा मत ऊपर का देख,<br>सहारा मत नीचे का माँग<br>यही क्या कम तुझको वरदान<br>कि तेरे अंतस्तल में राग । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. 42. | दोहे का भावार्थ :<br>ज्यों तिल माँही तेल है, ज्यों चकमक में आगि ।<br>तेरा साई तुज्झ में, जागि सकें तो जागि ।।<br>**अथवा**<br>जपमाला छापै तिलक, सरै न एकौ कामु ।<br>मन कांचै नाचै वृथा, सांचै रांचै राम ।।<br>**उत्तर :**<br>कवि कबीर इस दोहे में भगवान की मौजूदगी के बारे में कह रहे हैं ।<br>कबीर जी कहते हैं जिस प्रकार तिल में तेल होता है और चकमक पत्थर में आग होती है उसी प्रकार तुम्हारा भगवान तुममें ही बसा हुआ है, उसे जगा सको तो जगा लो ।<br>**अथवा**<br>इस दोहे में कवि बिहारी जी आडम्बरपूर्ण भक्ति का खण्डन करते हैं । किसी मंत्र विशेष की माला लेकर स्मरण करने से मस्तक एवं शरीर के अन्य अंगों पर तिलक छापे लगाने से तो कभी काम सिद्ध नहीं हो पाता । इस प्रकार के भक्त का मन कच्चा तथा चंचल होता है । राम तो केवल अच्छे मन में वास करत हैं । कच्चा मन तो काँच है जो कभी भी टूट सकता है । | 1 × 4 = 4<br>4<br>4 |
| VII. 43. | **आठ-दस** वाक्यों में उत्तर :<br>कर्नाटक एकीकरण के लिए वेंकराव जी का योगदान अविस्मरणीय है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**अथवा**<br>वेंकटराव के जीवन में नया मोड़ कैसे आया ?<br>**उत्तर :** अपने विचारों के प्रचार के लिए वेंकटराव जी ने लेखनी हाथ में ली । कर्नाटक पत्र, कर्नाटक वृत्त, कन्नड केसरी आदि पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित करने लगे । वेंकटराव जी को ऐसा लगा कि केवल ग्रंथाध्ययन से काम नहीं चलेगा । इसके लिए शिलालेख, मास्तिकल्लू, ताम्रपट, वीरगल्लू, प्राचीन सिक्के, इमारतों का भी अध्ययन जरूरी है । कर्नाटक के इतिहास का अध्ययन करते समय उन्हें यह लगा कि एक स्वतंत्र संस्था की स्थापना की जरूरत है । वेंकटराव जी के अनुसार जनता में भारतीय राष्ट्रीयता उत्पन्न करने के लिए प्रादेशिक राष्ट्रीयता जरूरी है । 'कर्नाटक गतवैभव' नामक पुस्तक को प्रकाशित कर कन्नडवासियों में नवजीवन, स्फूर्ति, चैतन्य भरने का प्रयास किया । आज जो कर्नाटक अभिमान की लौ प्रज्वलित है, वह वेंकटराव जी के अथक प्रयास का फल है ।<br>**अथवा** | 3 × 4 = 12<br>4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | परीक्षा समाप्ति के बाद जब वेंकटराव घर आये थे तो एक दिन अचानक उनके घर-घराने के कुलपुरोहित आये और कुछ समय बाद नववृंदावन जाना चाहा तो उन पुरोहितों क साथ वेंकटराव भी चले तो वहाँ उन्होंने माध्व यतियों की समाधियाँ देखी । हंपी उत्खनन की सारी जानकारी पाई । भुवनेश्वरी के मूर्ति को देखकर विस्मित हो गये । दूसरे दिन विरुपाक्ष मंदिर पंपनाथ पंपाबिका आदि मूर्तियों की विराटता देखने को मिली । वह घटना उनको एक अभूतपूर्व घटना लगी और यह यात्रा उनके जीवन को नया मोड़ दिया । | 4 |
| 44. | पुरुषोत्तम के चरित्र पर प्रकाश डालिए ।<br>**अथवा**<br>सेठ गोविंददासजी की राय में सच्चा धर्म क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** पुरुषोत्तम दिल्ली निवासी है । धर्म से एक हिन्दू महाराष्ट्री ब्राह्मण और आस्तिक भी । पुरुषोत्तम को धर्म ही सब कुछ है, लेकिन समय के साथ उन्होंने धर्म को अलग रूप और नया आयाम दिया है । पुरुषोत्तम के अनुसार राजा की आज्ञा का पालन करना ही परम धर्म है । इसी कारण से घर में पत्नी और बच्चों की बात न सुनकर अपना राजधर्म निभाना सबसे परम कर्तव्य माना । और उसी तरह दिखाया कि असत्य से भी धर्म की रक्षा होता है । | 4 |
| | **अथवा**<br>भारत एक बहुधर्मीय देश है । हर धर्म में अपना-अपना विशिष्ट आचरण होता है । धर्म का खान-पान या छुआछूत से कोई संबंध नहीं है । लेखक के अनुसार सच्चा धर्म वही है जिससे समाज के अधिक से अधिक व्यक्तियों का भला हो । धर्म किन्हीं निश्चित नियमों में बंधकर नहीं रह सकता । समय के साथ धर्म का स्वरूप भी बदलता जाता है । कभी-कभी असत्य से भी धर्म की रक्षा होती है । | 4 |
| 45. | गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति अपनी विरह-वेदना किस प्रकार करती हैं ?<br>**अथवा**<br>माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी प्रतिक्रिया किस प्रकार व्यक्त करते हैं ? विवरण दीजिए ।<br>**उत्तर :** गोपिकाएँ कृष्ण के प्रति विरह-वेदना प्रकट करती हुई सभी से पूछती हैं जैसे- हे मधुवन ! तुम इतने प्रसन्न कैसे हो ? श्यामसुंदर कृष्ण के वियोग के विरह में खड़े हो, जले क्यों नहीं ? पेड़ के नीचे तुम्हारो शाखा के सहारे टेककर, खड़े रहकर मोहन बाँसुरी बजाते थे । जड़-चेतन मुग्ध हो जाते थे । मुनि जनों का ध्यान तक हट जाता था । वह चितवन तू मन में धारण नहीं करता है । सब भूलकर बार-बार पुष्प देते हो । यह कैसे संभव है ?<br>**अथवा** | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्रीकृष्ण अपनी माँ से कहता है – ''माँ मैंने माखन नहीं खाया । प्रातःकाल से ही गायों को चराने के लिए वन गया था । और चारों पहर बाँसुरी बजाते हुए गाय चराता रहा । शाम को ही घर वापस आया हूँ । सभी बालकों में छोटा हूँ । माखन का घड़ा तो ऊपर के छीके पर टंगा है उसे मैं कैसे छू सकता हूँ ? शरारत करने की इच्छा से मेरे मित्रों ने मेरे मुख पर माखन लगा दिया है । माँ तुम बहुत भोली हो, इनकी बातों पर विश्वास करती हो, तुम मुझे ही मारती लेकिन इनसे कुछ नहीं कहती ।'' | 4 |
| | **विभाग - "B"** | |
| | **व्याकरण, अलंकार, छन्द** | |
| VIII. | सही उत्तर चुनना : | 10 × 1 = 10 |
| 46. | 'सोना' शब्द का द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया रूप है – | |
| | (A) सेना (B) सोना | |
| | (C) सुलाना (D) सुलवाना । | |
| | **उत्तर :** (D) सुलवाना | 1 |
| 47. | 'नौका' शब्द का बहुवचन रूप है – | |
| | (A) नाविक (B) नाक | |
| | (C) नौकाएँ (D) नाँव । | |
| | **उत्तर :** (C) नौकाएँ | 1 |
| 48. | 'पुत्र' शब्द का अन्य लिंग रूप है – | |
| | (A) पुत्री (B) सुत | |
| | (C) पौत्र (D) पिता । | |
| | **उत्तर :** (A) पुत्री | 1 |
| 49. | 'मकान' शब्द का समानार्थक शब्द है – | |
| | (A) ग्रह (B) गृह | |
| | (C) मकाम (D) मौका । | |
| | **उत्तर :** (B) गृह | 1 |
| 50. | 'वीर' शब्द का भाववाचक संज्ञा रूप है – | |
| | (A) वीरता (B) शूर | |
| | (C) कायर (D) साहस । | |
| | **उत्तर :** (A) वीरता | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| 51. | 'उचित' शब्द का विलोम शब्द है – | | |
| | (A) बेउचित | (B) अउचित | |
| | (C) अनुचित | (D) औचित्य । | |
| | **उत्तर :** (C) अनुचित | | 1 |
| 52. | <u>अच्छा</u> खाते थे, <u>अच्छा</u> पहनते थे । रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि में है – | | |
| | (A) क्रिया | (B) क्रिया विशेषण | |
| | (C) संज्ञा | (D) सर्वनाम । | |
| | **उत्तर :** (B) क्रिया विशेषण | | 1 |
| 53. | भारत बहुधर्मीय देश है । इस वाक्य में प्रयुक्त वाक्य प्रकार है – | | |
| | (A) सरल | (B) मिश्र | |
| | (C) संयुक्त | (D) प्रश्नवाचक । | |
| | **उत्तर :** (A) सरल | | 1 |
| 54. | गीता गाना गा रही है । इस वाक्य में क्रिया का काल पहचानिए : | | |
| | (A) भूतकाल | (B) वर्तमान काल | |
| | (C) भविष्यत काल | (D) आसन्न भूतकाल । | |
| | **उत्तर :** (B) वर्तमान काल | | 1 |
| 55. | निम्नलिखित में से सही विग्रह है – | | |
| | (A) दे + लय | (B) देव + य | |
| | (C) देवल + य | (D) देव + आलय । | |
| | **उत्तर :** (D) देव + आलय | | 1 |
| IX. | तीसरे शब्द से संबंधित : | | 4 × 1 = 4 |
| 56. | इत्यादि : यण् संधि :: पुरुषोत्तम : ........................................ । | | |
| | **उत्तर :** गुण संधि | | 1 |
| 57. | परिपूर्ण : उपसर्ग :: गरमाहट : .................................... । | | |
| | **उत्तर :** प्रत्यय | | 1 |
| 58. | गुण-दोष : द्वन्द्व समास :: पंचवटी : ................................ । | | |
| | **उत्तर :** द्विगु समास | | 1 |
| 59. | गीत गानेवाला : गायक :: उपन्यास लिखने वाला : ........................... । | | |
| | **उत्तर :** उपन्यासकार । | | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| X. 60. | छन्द पहचानिए :<br>जो गरीब सो हित करै, धनी रहीम वे लोग ।<br>**उत्तर :**<br>ऽ । ऽ । ऽ । । । ऽ । । । ऽ । ऽ ऽ ।<br>जो गरीब सो हित करै, धनि रहीम वे लोग<br>(13) (11)<br>* यह दोहा छंद है ।<br>* यह एक असम मात्रिक छंद है ।<br>* प्रथम और तीसरे चरण में 13-13 मात्राएँ और दूसरे और चौथे चरण में 11-11 मात्राएँ होती हैं ।<br>* अंत में तुक मिलते हैं । | 3<br>$\frac{1}{2}$<br>$\frac{1}{2}$<br>2 |
| XI. 61. | अलंकार पहचानिए :<br>'तरनी तनुजा तट तमाल'<br>**उत्तर :**<br>* यह अनुप्रास अलंकार है ।<br>* जिस रचना में व्यंजन की बार-बार आवृत्ति होकर, रचना को चमत्कृत करता हो तो उसे अनुप्रास अलंकार कहते हैं ।<br>* यहाँ 'त' व्यंजनाक्षर की आवृत्ति हुई है ।<br>**विभाग – "C"**<br>**( वाक्य, पत्र लेखन, निबंध )**<br>**रचना** | 3<br>$\frac{1}{2}$<br>$2\frac{1}{2}$ |
| XII. 62. | अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग :<br>(a) ओझल हो जाना –<br>अर्थ :<br>प्रयोग :<br>(b) तिलमिला उठना –<br>अर्थ :<br>प्रयोग : | $2 \times 1\frac{1}{2} = 3$ |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** | |
| | (a) अर्थ : गायब हो जाना | $\frac{1}{2}$ |
| | प्रयोग : चोर पुलिस को देखकर ओझल हो जाते हैं । | 1 |
| | (b) अर्थ : क्रोधित होना | $\frac{1}{2}$ |
| | प्रयोग : बच्चे की गलती देखकर माँ तिलमिला उठतो है । | 1 |
| XIII. | पत्र लेखन : | 1 × 5 = 5 |
| 63. | अपने भाई की शादी का कारण देते हुए कक्षाध्यापिका को छुट्टी पत्र लिखिए । | |
| | **अथवा** | |
| | अपने दोस्त को अपने जन्म दिवस समारोह में आमत्रित करते हुए पत्र लिखिए । | |
| | **उत्तर :** | |
| | छुट्टी पत्र : | 5 |
| | i) स्थान / तिथि | |
| | ii) प्रेषक [ पत्र लिखने वाले का पता ] | |
| | iii) पत्र पानेवाले का पता | |
| | iv) संबोधन | |
| | v) विषय | |
| | vi) पत्र का कलेवर | |
| | vii) समाप्ति । | |
| | **अथवा** | |
| | i) स्थान / तिथि | 5 |
| | ii) संबोधन / अभिवादन | |
| | iii) पत्र का कलेवर | |
| | iv) समाप्ति | |
| | v) पत्र भेजनेवाले का पता । | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| XIV. | निबंध लेखन : | 1 × 5 = 5 |
| 64. | किसी एक विषय पर **बारह-पन्द्रह** वाक्यों में निबंध लिखिए :<br>i) राष्ट्रीय त्योहार<br>ii) आधुनिक विज्ञान<br>iii) पर्यावरण प्रदूषण । | |
| | **उत्तर :**<br>(i) प्रस्तावना<br>(ii) विषय प्रवेश<br>(iii) विषय विस्तार<br>(iv) समापन । | 5 |